तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 10 जुलाई 2026

12 सरस्वती साइकिल योजना से छात्राओं ...

12 राज्य स्तरीय 'दीदी के गोठ' कार्यक्रम में जिले की ...




हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
10 जुलाई 2026
कूपन नं.
7

B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
9340311314, 9300850065
9303898329, 9098849923

# मौसमी बीमारियों पर प्रहार, स्वास्थ्य विभाग ने संभाली कमान, घर-घर हो रहा सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जिले में संचालित "स्वच्छ एवं स्वस्थ बस्तर अभियान" के अंतर्गत मलेरिया मुक्त बस्तर के लक्ष्य को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया, डेंगू सहित अन्य मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए व्यापक स्तर पर कार्रवाई की जा रही है।

अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित रूप से सर्वेक्षण कर संभावित मरीजों की पहचान की जा रही है। बुखार से पीड़ित व्यक्तियों की जांच कर आवश्यकतानुसार मलेरिया एवं डेंगू की स्क्रीनिंग की जा रही है। इसके साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में लार्वा सर्वे, स्रोतों का नष्टीकरण, फॉगिंग तथा आवश्यक दवाओं का छिड़काव कराया जा रहा है। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर लोगों को स्वच्छता बनाए रखने, घरों एवं आसपास पानी जमा नहीं होने देने, मच्छरदानी के नियमित उपयोग तथा बुखार के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच एवं उपचार कराने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय निकाय तथा अन्य संबंधित विभागों के समन्वय से स्वच्छता गतिविधियां भी लगातार संचालित की जा रही हैं, ताकि मच्छरों के प्रजनन स्थलों को समाप्त कर संक्रामक एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम सुनिश्चित की जा सके।

### स्वच्छ एवं स्वस्थ बस्तर अभियान को मिली गति




### घर के आसपास जलजमाव रोकें

जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने घरों एवं आसपास साफ-सफाई बनाए रखें, पानी को कहीं भी लंबे समय तक जमा न होने दें तथा बुखार या अन्य संदिग्ध लक्षण होने पर स्वयं उपचार करने के बजाय तुरंत स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर जांच कराएं। जनसहभागिता से ही मलेरियामुक्त एवं स्वस्थ बस्तर के लक्ष्य को सफल बनाया जा सकता है।

### बाढ़ में बही किलेपाल-मूतनपाल सड़क आज भी अधूरी

# नहीं बनी टूटी सड़क, 6 किमी की दूरी के लिए 22 किमी का चक्कर लगाने मजबूर ग्रामीण

हरिभूति न्यूज ⏭ जगदलपुर

- पंचायत भवन, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व हाईस्कूल पहुंचने के लिए यही खस्ताहाल सड़क

बस्तर जिले के बास्तानार ब्लॉक का किलेपाल-मूतनपाल मार्ग वर्ष 2025 में आई बाढ़ में बह गया था जिसके चलते आज भी ग्रामीणों के अलावा स्कूली बच्चों व शासकीय कर्मियों को 6 किमी की दूरी के लिए 22 किमी का चक्कर लगाना पड़ रहा है।

जानकारी के मुताबिक बास्तानार ब्लॉक का किलेपाल-मूतनपाल प्रधानमंत्री ग्राम सड़क आज पर्यन्त तक बहाल नहीं किया जा सका है। इस मार्ग के साल भर से अधिक समय से क्षतिग्रस्त होने से सैकड़ों ग्रामीणों को प्रतिदिन 6 किलोमीटर की जगह 22 किलोमीटर का लंबा चक्कर लगाकर राष्ट्रीय राजमार्ग तक पहुंचना पड़ रहा है। बारिश के शुरू होते ही सड़क की हालात और अधिक खस्ताहाल हो चुका हैं। ग्रामीणों का कहना है कि क्षतिग्रस्त मार्ग और सड़क पर बने टूटे पुल से प्रतिदिन छात्रों, मरीजों और आम लोगों की सुरक्षा के लिए खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि कई दफे स्थानीय जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से इस मार्ग के मरम्मत की मांग की जा चुकी है लेकिन स्थिति अब भी जस की तस है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द क्षतिग्रस्त मार्ग को पूर्ण करने मांग की है।



### पांच बार कलेक्टर व क्षेत्रीय विधायक से मिल चुके ग्रामीण-सरपंच

बताया जा रहा है कि पीरमेटा ग्राम का बाढ़ में बहा मार्ग आज भी अधूरा पड़ा है। इसी रास्ते से तुरांगुर पंचायत भवन, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और हाईस्कूल तक पहुंचा जाता है। प्रतिदिन 35 से 40 स्कूली बच्चे भी इसी मार्ग से आवाजाही करते हैं। इसके अलावा मरीजों को लाने ले जाने व आम लोगों के आवाजाही के लिए लोग इसी मार्ग से जान जोखिम में डालकर आना जाना करते है। बारिश के दौरान सड़क की स्थिति काफी खराब हो चुकी है। सरपंच मुन्ना मरकाम का कहना है कि वे क्षेत्र की खस्ताहाल सड़क व समस्याओं को लेकर पांच बार कलेक्टर और क्षेत्रीय विधायक विनायक गोयल से मिल चुके हैं लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है।

### क्षेत्र के इरपा समेत अन्य पुल अब तक अधूरा

ग्रामीणों ने बताया कि बास्तानार मुख्य मार्ग से इरपा तथा पूर्व विधायक के गांव को जोड़ने वाली कई महत्वपूर्ण पुलिया पूर्व में बाढ़ में बह गई थी। यह मार्ग दंतेवाड़ा जिले और आसपास के भीतरी क्षेत्रों का प्रमुख संपर्क मार्ग हैं। ग्रामीणों द्वारा कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद पुलिया का निर्माण शुरू नहीं हो पाया है। संबंधित विभाग का कहना है कि इसके लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध नहीं है। ग्रामीणों के मुताबिक बारिश में बाढ़ के दौरान किलेपाल मुतनपाल मार्ग ही क्षतिग्रस्त नहीं है। ऐसी ही स्थिति तोकापाल ब्लॉक के सोसनपाल मार्ग का भी है जहां क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत अब भी अधूरी है।

# कलयुगी बेटे ने की पिता की हत्या, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

- नम्बी गांव में हुआ था कत्ल

जिले के थाना उसूर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नम्बी में एक वृद्ध ग्रामीण की बेरहमी से की गई हत्या के मामले को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सुलझा लिया है। पिता की हत्या का आरोपी कोई बाहरी नहीं, बल्कि उसका सगा बड़ा बेटा ही निकला। पुलिस ने आरोपी पुत्र को हिरासत में ले लिया है, जिसने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम नम्बी में वृद्ध ग्रामीण मुचाकी हूंगा की संदिग्ध अवस्था में लाश मिली थी। अंधी हत्या के मामले को गंभीरता से लेते हुए उसूर पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की। घटनास्थल से मिले वैज्ञानिक व तकनीकी साक्ष्यों, परिस्थितियों और आसपास के गवाहों के बयानों के आधार पर पुलिस का शक मृतक के बड़े बेटे मुचाकी देवा पर गया। संदेह के आधार पर पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की। आरोपी मुचाकी देवा (27 वर्ष) निवासी बंगाल पारा को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी को शीघ्र ही न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा जाएगा।




### पारिवारिक और संपत्ति विवाद में वारदात

*कड़ाई से की गई पूछताछ के सामने आरोपी बेटा ज्यादा देर टिक नहीं सका और उसने अपने पिता मुचाकी हूंगा की हत्या करना स्वीकार कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि घर में लंबे समय से पारिवारिक कलह चल रही थी और जमीन-जायदाद (संपत्ति) को लेकर पिता से उसका गहरा विवाद था। इसी रंजिश और गुस्से में आकर उसने अपने पिता पर जानलेवा हमला कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया।*

## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक 281.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**बीजापुर।** कलेक्टर कार्यालय की भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त आधिकारिक जानकारी के अनुसार चालू मानसूनी सीजन में 1 जून से लेकर अब तक बीजापुर जिले की सभी तहसीलों में कुल मिलाकर 281.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में बारिश की स्थिति में काफी उतार-चढ़ाव देखा गया है। भू-अभिलेख शाखा द्वारा जारी आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि इस अवधि के दौरान जिले में सर्वाधिक बारिश भैरमगढ़ तहसील में हुई है, जहां अब तक 388.6 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई। इसके ठीक बाद कुटरू तहसील दूसरे स्थान पर है, जहाँ 384.4 मिमी. बारिश दर्ज की जा चुकी है।

### महासंघ की आमसभा और प्रदर्शन आज

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय तिवारी एवं प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ ने बताया कि महासंघ के आह्वान पर 10 जुलाई को डंगनिया रायपुर स्थित बिजली मुख्यालय में एक दिवसीय विशाल आमसभा एवं प्रदर्शन आयोजित किया जा रहा है। आमसभा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बिजली अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अधिकारों, सम्मान, सुरक्षित भविष्य तथा बिजली कंपनियों के हितों की रक्षा का सामूहिक संकल्प है।

### जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा की शुरूआत

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के सात विकासखण्डों में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का व्यापक आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत जिले भर में परिवार नियोजन से संबंधित व्यापक प्रचार-प्रसार और जागरूकता गतिविधियाँ पूरी ताकत के साथ संचालित की जा रही हैं। इस वर्ष इस अभियान को एक बेहद आकर्षक और प्रभावी संदेश के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है कि जब बच्चों में हो सही अंतराल, तो परिवार बनता है स्वस्थ और खुशहाल। ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य के प्रति अलख जगाने वाले इस महत्वपूर्ण पखवाड़े को पूरी तरह प्रभावी बनाने के लिए दो विशेष चरणों में विभाजित किया गया है।

### भारतनेट उद्यमियों के लिए विशेष प्रोत्साहन योजना लागू

**जगदलपुर।** बस्तर के ग्रामीण क्षेत्रों में हाई स्पीड इंटरनेट सेवाओं के विस्तार को और अधिक गति देने के उद्देश्य से भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने भारतनेट उद्यमियों के लिए एक नई अतिरिक्त प्रोत्साहन योजना लागू की है। यह योजना एक जुलाई से प्रभावी हो गई है और इसका उद्देश्य गांवों में भारत फाइबर ब्रॉडबैंड सेवाओं का तेजी से विस्तार करना तथा मौजूदा नेटवर्क का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करना है।

# कार्रवाई के बाद भी बेखौफ चल रहे ओवरलोड वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- उड़नदस्ता लगातार कर रहा जांच
- अन्य राज्यों से आ रहे वाहन

परिवहन विभाग के उड़नदस्ता टीम की ओर से लगातार आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, बंगाल, गुजरात, झारखंड, पंजाब, उत्तरप्रदेश और बिहार आदि राज्यों की वाहनों की ओव्हरलोड की जांच मोबाइल वे पैड से की जा रही है, जिसमें जुर्माना भी किया जा रहा है। उसके बाद भी वाहन चालक एवं मालिक का ध्यान नहीं देकर बेखौफ वाहन ओव्हरलोड चला रहे हैं। इससे उड़नदस्ता की टीम ने दूसरी बार ओव्हरलोड वाहनों को सख्ती कार्रवाई करने का मन बना लिया है। बताया जा रहा है कि उड़नदस्ता मोबाइल वे पैड से अलग-अलग सडकों पर खड़ा करके आने-जाने वाले मालवाहक वाहनों की चेकिंग कर रहे हैं। चालानी कार्रवाई में वाहन नम्बर और मोबाइल नम्बर इस मशीन में फीड किया जा रहा है। इसमें ट्रैफिक नियमों की नए मोटर व्हीकल एक्ट के अनुसार विभिन्न धाराओं और उनके जुर्माने की राशि फीड हैं।



### ओव्हरलोड पर वाहन होंगे जब्त


संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि टीम संभाग के सभी सड़कों में मोबाइल वे पैड से वाहनों की जांच की जा रही है। दूसरी बार ओव्हरलोड मिलने से वाहन जब्त होगी।

### जिला प्रशासन की त्वरित पहल से मिचनार के दो गांवों में बहाल हुई बिजली

# एक सप्ताह से अंधेरे में रह रहे 400 से अधिक ग्रामीणों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिले के चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मिचनार-वन एवं गंवर छापर मिचनार-टू में जिला प्रशासन की त्वरित पहल से विद्युत व्यवस्था पुनः बहाल कर दी गई है। पिछले लगभग एक सप्ताह से बिजली आपूर्ति बाधित रहने के कारण इन गांवों के 400 से अधिक ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराने सहित दैनिक कार्यों में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों की समस्या की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। विद्युत विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर तकनीकी खराबी को दूर किया और आवश्यक मरम्मत कार्य पूर्ण करते हुए बिजली आपूर्ति सुचारु कर दी है। विद्युत व्यवस्था बहाल होने से अब दोनों गांवों में पेयजल आपूर्ति सामान्य हो गई है तथा घरेलू और अन्य आवश्यक कार्य भी नियमित रूप से संचालित होने लगे हैं। ग्रामीणों ने त्वरित कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन एवं विद्युत विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया।



### जनसुविधाओं से जुड़े मामलों में कार्रवाई जारी

*जिला प्रशासन ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनसुविधाओं से जुड़े मामलों में तत्परता के साथ कार्रवाई जारी रहेगी।*

### घाटलोहंगा में भटका मिला ओडिशा का युवक

# 4 दिन से भूखे भटक रहे युवक को पुलिस ने परिजनों से मिलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

- बस्तर पुलिस ने सकुशल सौंपा परिजनों को

पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना पर मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण भटक रहे एक युवक को सकुशल उसके परिजनों से मिलवाकर मानवता की मिसाल पेश की।

8 जुलाई को ग्राम घाटलोहंगा के ग्रामवासियों द्वारा सूचना मिली कि गांव में एक अज्ञात व्यक्ति घूम रहा है जिसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। सूचना पर थाना प्रभारी के आदेशानुसार थाना बस्तर की पेट्रोलिंग पार्टी ग्राम घाटलोहंगा पहुंची और अज्ञात व्यक्ति को कब्जे में लेकर थाना लाया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम बिपेश यादव उर्फ रामाकांत पिता सदानंद यादव, उम्र 23 वर्ष, निवासी भालेश्वर, थाना बेलटोकरी, तहसील नयापारा, जिला नयापारा, उड़ीसा बताया। युवक ने बताया कि वह पिछले 4 दिन से खाना-पीना नहीं खाया है।

बाद में परिजन का मोबाइल नंबर मिलने पर उसके परिजनों से संपर्क किया गया। बिपेश यादव को भोजन कराया गया तथा सीएचसी बस्तर में स्वास्थ्य जांच कराई गई। रात्रि होने के कारण उसे थाना में सुरक्षार्थ रखा गया था। 9 जुलाई को उसके परिजनों के आने पर युवक को सुपुर्दनामा परिजनों को सौंप दिया गया।




### इनका रहा योगदान

इस कार्रवाई में निरीक्षक सुरेश कुमार जांगड़े, उप निरीक्षक अरुण कुमार सिन्हा, प्रशिक्षु उप निरीक्षक दीपक कुमार बखला, सहायक उप निरीक्षक चतुर राम बघेल, डीएसएफ आरक्षक गनीराम बघेल, डीएसएफ आरक्षक निरंजन वैध का विशेष योगदान रहा।

# कर्मचारी व पेंशनर एसोसिएशन ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ एवं छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी पेंशनर एसोसिएशन जिला बस्तर ने संयुक्त रूप से विधानसभा के मानसून सत्र प्रारंभ होने के पहले छत्तीसगढ़ के सभी सांसद, विधायकों को मंहगाई भत्ता सहित अन्य मांगों को लेकर कर्मचारियों के लिए मोदी की गारंटी का स्मरण पत्र सौंपने के कार्यक्रम के तहत बस्तर के विधायक लखेश्वर बघेल तथा चित्रकूट के विधायक विनायक गोयल को अपनी मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा। जिसमें संभागीय अध्यक्ष अतुल शुक्ला, जिला अध्यक्ष संजय चौहान, पेंशनर एसोसिएशन के अध्यक्ष आरडी तिवारी शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### मिनी गोल्फ प्रतियोगिता में विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन



कोण्डागांव। दवाड़ा यूनिवर्सिटी परिसर रायपुर में आयोजित मिनी गोल्फ प्रतियोगिता में सेंट ज़ेवियर्स हाईस्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में कक्षा आठवीं के छात्र मिराज पोयाम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया और रजत पदक अपने नाम किया। वहीं कक्षा 10 की छात्र प्राची पोयाम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। कांस्य पदक जीतकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन एवं प्राचार्य ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी।

### दिव्यांगजनों को मिली नई उम्मीद



कोण्डागांव। शासन की जनहितकारी पहल सुशासन तिहार दिव्यांगजनों के लिए राहत और आत्मनिर्भरता का माध्यम बन रही है। समाज कल्याण विभाग ने प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करते हुए तीन दिव्यांग हितग्राहियों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप सहायक उपकरण उपलब्ध कराए। विकासखंड माकड़ी के ग्राम मगेदा निवासी हिरू राम ने सुशासन तिहार के दौरान मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल की मांग की थी। आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद समाज कल्याण विभाग ने उन्हें मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्रदान की, जिससे अब उनका आवागमन पहले की तुलना में अधिक आसान और आत्मनिर्भर हो गया है। ग्राम जिराकसा के जगन्नाथ तथा ग्राम कुरलूबहार के दयनु राम नेताम को उनकी आवश्यकता के अनुसार स्मार्ट केन उपलब्ध कराई गई। इन सहायक उपकरणों से दोनों हितग्राहियों को दैनिक जीवन में स्वतंत्र रूप से आवागमन करने में सुविधा मिलेगी। सहायक उपकरण प्राप्त करने के बाद हितग्राहियों ने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से उनकी समस्या का त्वरित समाधान हुआ है। उन्होंने इस संवेदनशील पहल के लिए छत्तीसगढ़ शासन एवं समाज कल्याण विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे दिव्यांगजनों के लिए नई उम्मीद की राह बताया।

### साक्षरता अभियान के तहत घर–घर होगा असाक्षरों का सर्वे



कोण्डागांव। राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के तहत संचालित उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के असाक्षर वयस्कों की पहचान के लिए घर–घर सर्वेक्षण अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए जिला स्तर पर समीक्षा बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। बैठक में निर्देश दिए गए कि कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को भी असाक्षर वयस्कों के सर्वेक्षण एवं पोर्टल पर पंजीयन कार्य में शामिल किया जाए, ताकि अभियान को व्यापक स्तर पर सफल बनाया जा सके। असाक्षर व्यक्तियों की पहचान के लिए जिलेभर में मुनादी, दीवार लेखन, पोस्टर, बैनर और घर–घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा। साथ ही पंचायत प्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, एनआरएलएम, मनरेगा, एनसीसी, एनएसएस स्वयंसेवकों एवं अन्य विभागों के सहयोग से अभियान को गति दी जाएगी।

**न्यायालय तहसीलदार छोटेडोंगर**
**जिला- नारायणपुर (छ.ग.)**
**रा.मा.क्र./202605170900035/ब-121/2025-26**

**// उद्घोषणा //**

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदिका संदाय वड्डे पति स्व. विरेश कुमार वड्डे निवासी ग्राम झारा प.ह.न. 01 महिमागवाडी तहसील छोटेडोंगर जिला नारायणपुर के द्वारा इस कार्यालय आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि उनके पति स्व. श्री विरेश कुमार वड्डे पिता सुकसीराम वड्डे शासकीय स्वामी आत्मनंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में व्याख्यता एल.बी के पद पर पदस्थ थे, जिनकी आकस्मिक मृत्यु सेवाकाल के दौरान दिनांक 31/12/2025 को ग्राम झारा में हो गई हैं, आवेदिका अपने पति के स्वतत्वो एवं अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त करने हेतु वारिसान प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहती है। अतः वारिसान प्रमाण पत्र बनवाने हेतु ग्राम पंचायत कोंगेरा तहसील छोटेडोंगर जिला नारायणपुर को आदेश करने की कृपा करें। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के समर्थन में अनुपलब्धता प्रमाण-पत्र, पंचनामा एवं शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से आगामी सुनवाई तिथि को या इसके पूर्व इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत दिनांक 15/07/2026 के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उदघोषणा आज दिनांक 09/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया जाता है।

मुहर

**तहसीलदार**
**छोटेडोंगर**

# सरस्वती साइकिल योजना से छात्राओं के सपनों को मिली नई उड़ान, खिल उठे चेहरे

**शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर में आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर में सरस्वती साइकिल योजना के तहत कक्षा नवमी की 32 छात्राओं को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। नई चमचमाती साइकिलें पाकर छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों, पालकों और विद्यालय परिवार की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने कहा कि सरस्वती साइकिल योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं को विद्यालय आने–जाने में सुविधा प्रदान करना, उनकी पढ़ाई को प्रोत्साहित करना तथा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना है। इस योजना से छात्राओं का समय बचेगा और वे नियमित रूप से विद्यालय पहुंच सकेंगी। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने अभिभावकों से विशेष आग्रह करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों, विशेषकर बेटियों, को नियमित रूप से विद्यालय भेजें। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत नींव है और विद्यालय तथा अभिभावकों के संयुक्त प्रयास से ही विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास संभव है। साइकिल वितरण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत मयूर डोंगर के सरपंच जयलाल नेम, ग्राम पंचायत झार के सरपंच प्रेम पोयाम, ग्राम पंचायत के सरपंच जगबंधु सोरी, पंचगण, अन्य जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन, छात्र–छात्राएं, उनके अभिभावक तथा विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

**शिक्षा के प्रति बढ़ा उत्साह**

साइकिल प्राप्त करने के बाद छात्रओं ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें विद्यालय आने–जाने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी और वे पहले से अधिक नियमित रूप से पढ़ाई कर सकेंगी। कार्यक्रम के अंत में सभी ने छात्रओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा को जीवन का सबसे बड़ा आधार बताया।



**ये रहे मौजूद**

आयोजन में संस्था के समस्त छात्र छात्राएं, पालक गण, ग्रामीण जन, मुख्य अतिथि जयलाल नेताम, सरपंच झारा प्रेम पोयम ,सरपंच श्री सोढ़ी, प्राचार्य जमील खान, संकुल समन्वयक दुर्गा शंकर दीवान, व्याख्याता यशवंत देवांगन, मुकेश सैमसन, श्रीमती रीता प्रधान, सुषमा पात्र, सारिका कश्यप, कु. दुलेश्वरी दर्रो, हेमंत देहारी, संजीव तालुकदार ,उमाकांत दीवान, पुष्कर साहू, लक्ष्मी कांत केवट, राजू राम मरकाम, तुलेश्वर नाग,चंद्रा रेखा ध्रुव, धर्मिन सेवता, जय मनी सोरी, कौशल्या साहू, रामप्रसाद, प्रमानंद वैद्य,भारत देवांगन तथा विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ कार्यक्रम की सफलता में सहभागी बना।

### मुख्यमंत्री के साथ मंच साझा कर महिला स्व-सहायता समूहों ने दिखाई सशक्त भागीदारी

# राज्य स्तरीय 'दीदी के गोठ' कार्यक्रम में जिले की दीदियों ने बढ़ाया जिले का गौरव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ ग्राम करनपुर के तिरंगा स्व–सहायता समूह की सुमित्र सम्मानित

राजधानी रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय 'दीदी के गोठ' कार्यक्रम में कोंडागांव जिले की महिला स्व–सहायता समूहों की दीदियों ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए जिले का गौरव बढ़ाया। कार्यक्रम में गरिमा महिला संकुल संगठन, दहिकोंगा की अध्यक्ष कौशिल्या दीदी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का स्वागत किया। वहीं जिले की सरिता दीदी एवं सुखनतिन नेताम ने मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ मंच साझा कर कोंडागांव का प्रतिनिधित्व किया। ग्राम करनपुर के तिरंगा स्व–सहायता समूह की सदस्य सुमित्र दीदी को आजीविका एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत—ष्ट कार्य के लिए मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देश एवं जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई के मार्गदर्शन में जिले के 20 संकुल स्तरीय संगठनों तथा सभी स्व–सहायता समूहों की महिलाओं को ऑनलाइन लिंक के माध्यम से कार्यक्रम से जोड़ा गया। दीदियों ने कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण कर शासन की विभिन्न योजनाओं एवं पहलों की जानकारी प्राप्त की।



**बिहान मिशन की रही सक्रिय भूमिका** – बिहान के जिला मिशन प्रबंधक विनय सिंह के नेतृत्व में महिला स्व–सहायता समूहों की दीदियों ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सहभागिता निभाई और महिला सशक्तिकरण की दिशा में जिले की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया।

**'दीदी के गोठ' रेडियो कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण**



कोण्डागांव। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत संचालित 'दीदी के गोठ' रेडियो कार्यक्रम के एक वर्ष पूर्ण होने पर ग्राम पंचायत बम्हनी में जिला स्तरीय सामूहिक श्रवण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक सुश्री लता उसेंडी ने 10 लखपति दीदियों का सम्मान कर उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का संदेश प्रसारित किया गया। साथ ही राज्यभर की सफल बिहान महिलाओं की प्रेरणादायक कहानियां सुनाई गईं, जिससे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा मिली। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिले के सभी विकासखंडों, 20 संकुल स्तरीय संगठनों एवं स्व–सहायता समूहों तक ऑनलाइन पहुंचाया गया। बड़ी संख्या में महिलाओं ने सामूहिक रूप से रेडियो कार्यक्रम का श्रवण किया। विधायक सुश्री लता उसेंडी ने कहा कि कोंडागांव जिले की 48,316 महिलाएं लखपति दीदी बनकर अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बनी हैं। उन्होंने महिलाओं से समूहों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। विधायक ने बताया कि जिले की 1,35,861 महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण से परिवार, समाज और देश मजबूत होगा। कार्यक्रम के दौरान आजीविका एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत—ष्ट कार्य करने वाली जिले की 10 बिहान महिला सदस्यों को सम्मानित किया गया। साथ ही स्वरोजगार एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता सोरी, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, जिला पंचायत सदस्य, जनप्रतिनिधि, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, विभिन्न विभागों के अधिकारी, बिहान समूहों की महिलाएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

**आपदा से बचाव की लगी पाठशाला**

# माकड़ी और बिजापुर स्कूल में एनडीआरएफ का लाइव प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

ओडिशा से आई राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल एनडीआरएफ की टीम इन दिनों जिले के स्कूलों में विशेष जागरूकता अभियान चला रही है। बुधवार को माकड़ी ब्लाक के शासकीय स्वामी आत्मानन्द इंग्लिश मीडियम स्कूल माकड़ी एवं शासकीय हाई स्कूल बिजापुर में विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन और बचाव का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान एनडीआरएफ टीम ने आधुनिक बचाव उपकरणों का लाइव प्रदर्शन कर उनके उपयोग की जानकारी दी। विद्यार्थियों को भूकंप, बाढ़, आग, आकाशीय बिजली सहित विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों और सुरक्षित बचाव के तरीकों से अवगत कराया गया। एनडीआरएफ के निरीक्षक रमाकांत दास ने कहा कि आपदा के समय घबराने के बजाय धैर्य और सूझबूझ सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रशासन के निर्देशों का पालन करने, अफवाहों से दूर रहने, सुरक्षित स्थान पर पहुंचने तथा जरूरत पड़ने पर आपातकालीन सेवाओं की सहायता लेने की सलाह दी।

**प्राथमिक उपचार के बारे में भी बताया**–साथ ही प्राथमिक उपचार की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में एनडीआरएफ टीम के अन्य सदस्य मौजूद रहे। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ प्रशिक्षण में भाग लिया और आपदा के समय स्वयं एवं दूसरों की सुरक्षा के लिए आवश्यक जीवन रक्षक तकनीकों की जानकारी हासिल की।

# भ्रमण के माध्यम से मिली पर्यावरण संरक्षण की सीख



हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल।

शिप्रा विद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न शैक्षणिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा हैं। 1 जुलाई से 8 जुलाई तक विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने मोनो प्ले के माध्यम से अपनी अभिनय प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया, वहीं ड्रॉइंग एवं कलरिंग गतिविधि में बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी रचनात्मक क्षमता का परिचय दिया। इसके पश्चात विद्यार्थियों को निराछिंदली नर्सरी का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया, जहाँ उन्हें विभिन्न प्रजातियों के पेड़-पौधों की जानकारी दी गई। इस दौरान शिक्षकों एवं विशेषज्ञों ने पौधारोपण के महत्व, पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में पेड़ों की भूमिका तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया तथा भविष्य में अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी सुरक्षा करने का संदेश दिया।

# केशकाल वनमंडल के 2,803 संग्राहकों को 40 लाख की मिली प्रोत्साहन राशि

केशकाल। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा बस्तर अंचल के तेंदूपत्ता संग्राहकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित केशकाल द्वारा वर्ष 2023 के तेंदूपत्ता संग्रहण सीजन के संग्राहकों को प्रोत्साहन पारिश्रमिक राशि का वितरण प्रारंभ कर दिया गया है। कुल 2,803 संग्राहकों के बैंक खातों में 40 लाख 39 हजार 891 रुपये की प्रोत्साहन राशि ऑनलाइन हस्तांतरित की जा रही है।

जिला वनोपज सहकारी यूनियन के प्रबंध संचालक के अनुसार वनमंडल अंतर्गत प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समितियों केशकाल एवं खालेमुरवेंड के संग्राहकों को 'ऑनलाइन एमएफपी कलेक्शन एंड पेमेंट सिस्टम' के माध्यम से सीधे बैंक खातों में भुगतान किया जा रहा है। समिति केशकाल अंतर्गत संचालित 31 तेंदूपत्ता फड़ों के संग्राहकों के खातों में भी प्रोत्साहन राशि जमा कराई गई है। वन मंत्री केदार कश्यप की मंशानुसार राज्य शासन तेंदूपत्ता संग्राहकों एवं वनाश्रित परिवारों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। वनमंडलाधिकारी दिव्या गौतम ने कहा कि तेंदूपत्ता संग्राहकों को उनकी मेहनत का उचित पारिश्रमिक समय पर उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। सीधे बैंक खातों में राशि हस्तांतरण से भुगतान प्रक्रिया पारदर्शी हुई है और वनाश्रित परिवारों को इसका सीधा लाभ मिल रहा है।



**जिला पुस्तकालय परिसर में आयोजन**

# पौधारोपण के साथ टेलीस्कोप से जाना अंतरिक्ष का संसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

जिला पुस्तकालय परिसर में मंगलवार को पर्यावरण संरक्षण और वैज्ञानिक जागरूकता का अनूठा संगम देखने को मिला। 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत परियाना कोचिंग के छात्र-छात्राओं एवं जिला पुस्तकालय के अधिकारियों-कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पौधारोपण के साथ-साथ खगोल विज्ञान की रोचक जानकारी भी प्राप्त की।

कार्यक्रम का शुभारंभ परियाना कोचिंग के वार्डन बलराम साहू, जिला पुस्तकालय के लाइब्रेरियन रजनीश मिश्रा तथा कोचिंग स्टाफ निशा उइके की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में पुस्तकालय के अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे। पौधारोपण के बाद आयोजित विशेष सत्र में टेलीस्कोप याने दूरबीन आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा।



लाइब्रेरियन रजनीश मिश्रा ने विद्यार्थियों को टेलीस्कोप की कार्यप्रणाली की व्यावहारिक जानकारी देते हुए बताया कि इसके माध्यम से पृथ्वी से ही सुदूर अंतरिक्ष के ग्रहों, नक्षत्रों एवं अन्य खगोलीय पिंडों का अवलोकन किया जा सकता है। उन्होंने खगोल विज्ञान के महत्व, ब्रह्मांड की विशालता तथा विज्ञान के प्रति जिज्ञासा विकसित करने की आवश्यकता पर भी विस्तार से चर्चा की।

**अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़ी जानकारियां की साझा**–सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़ी अनेक जानकारियां प्राप्त कीं। साथ ही उन्हें पुस्तकालय के महत्व, नियमित अध्ययन एवं स्वाध्याय की आदत विकसित करने के लिए भी प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी के साथ-साथ वैज्ञानिक सोच और अध्ययन संस्कृति को बढ़ावा देना रहा। पौधारोपण और विज्ञान आधारित इस पहल की उपस्थित लोगों ने सराहना की।

# कम वर्षा की स्थिति में किसानों को वैज्ञानिक खेती अपनाने की सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

खरीफ मौसम 2026 में संभावित अल्प एवं अनियमित वर्षा को देखते हुए कृषि विभाग ने आकस्मिक कार्ययोजना जारी की है। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के मार्गदर्शन में तैयार इस योजना के तहत किसानों को वैज्ञानिक खेती, जल संरक्षण और वैकल्पिक फसलों को अपनाने की सलाह दी गई है।



उप संचालक कृषि के.एन. मरकाम ने बताया कि किसानों को संरक्षण जुताई, सूखा प्रतिरोधी एवं कम अवधि वाली उन्नत किस्मों के उपयोग तथा डायरेक्ट सीडेड राइस डीएसआर तकनीक अपनाने की सलाह दी जा रही है। डीएसआर पद्धति से 30 से 40 प्रतिशत तक पानी की बचत संभव है और धान की रोपाई की आवश्यकता भी नहीं होती। कृषि विभाग ने हल्की भूमि में तिल, रामतिल और मूंगफली तथा ऊपरी भूमि में मूंग, उड़द और अरहर जैसी कम पानी में तैयार होने वाली फसलों की खेती की सलाह दी है। वहीं बाजरा, ज्वार, मक्का, रागी, कोदो, कुटकी जैसी मिलेट फसलों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री आशा योजना के तहत दलहन एवं तिलहन फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी से किसानों को बेहतर मूल्य मिलेगा।

**जल संरक्षण के उपाय अपनाने की अपील**

विभाग ने नालों पर अस्थायी बांध, खेत तालाब, टपक एवं सप्रिंकलर सिंचाई, मल्चिंग, कंटूर ट्रेंच, गेबियन संरचना, डबरी और स्टॉप डेम जैसे जल संरक्षण उपाय अपनाने की सलाह दी है। इन उपायों से वर्षा जल का संरक्षण, भू–जल स्तर में वृद्धि और संकट के समय सिंचाई की सुविधा सुनिश्चित की जा सकेगी।

**वैज्ञानिक खेती से उत्पादन और आय सुरक्षित रखने का आह्वान**

कृषि विभाग ने किसानों से मौसम की परिस्थितियों के अनुरूप वैज्ञानिक कृषि तकनीकों एवं जल संरक्षण उपायों को अपनाने की अपील की है। कम वर्षा की स्थिति में भी फसल उत्पादन एवं किसानों की आय पर प्रतिकूल प्रभाव को न्यूनतम रखा जा सके।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
हड्डी, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेंजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह
(एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह
(एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### टोकन सिस्टम से मिलेगा खाद

**बीजापुर।** किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने और कालाबाजारी पर रोक लगाने के उद्देश्य से भारत सरकार के उर्वरक एवं रसायन मंत्रालय द्वारा फेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल (एफएफएस) के तहत बीजापुर जिले में नई डिजिटल खाद वितरण प्रणाली लागू की गई है। पायलट जिले के रूप में चयनित बीजापुर में यह व्यवस्था 7 जुलाई से शुरू हो गई है। नई व्यवस्था के तहत किसान अब अपने मोबाइल के माध्यम से निकटतम उर्वरक विक्रय केंद्र से आवश्यकतानुसार खाद की बुकिंग कर सकेंगे। बुकिंग के बाद किसानों को एक टोकन (क्यूआर कोड) जारी किया जाएगा, जिसके आधार पर निर्धारित समय में खाद प्राप्त किया जा सकेगा। यह टोकन तीन दिनों तक मान्य रहेगा। निर्धारित अवधि में खाद नहीं लेने पर टोकन स्वतः निरस्त हो जाएगा। इस नई प्रणाली को दो चरणों में लागू किया गया है। पहले चरण में किसान गूगल प्ले स्टोर से फेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल एप डाउनलोड कर भूमि एवं फसल संबंधी जानकारी दर्ज करेंगे और निकटतम विक्रय केंद्र का चयन कर टोकन प्राप्त करेंगे।

### नक्सल पीड़ित परिवार के देवा मंडावी को मिली नौकरी

**दंतेवाड़ा।** शासन की छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण पीड़ित राहत एवं पुनर्वास नीति-2025 नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के परिवारों के जीवन में नई उम्मीद की किरण लेकर आ रही है। इस नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत दंतेवाड़ा जिले के एक नक्सल पीड़ित परिवार के सदस्य को शासकीय सेवा में नियुक्ति प्रदान की गई है। जिला स्तरीय पुनर्वास समिति की अनुशंसा और कलेक्टर, दंतेवाड़ा के पत्र के आधार पर धुरवापारा, अरनपुर विकासखंड कुआकोण्डा के रहने वाले नक्सल पीड़ित परिवार के सदस्य देवा मंडावी पिता स्वर्गीय बुधरा मंडावी को शासकीय सेवा में शामिल किया गया है।

# एएम,एनएस इंडिया की सीएसआर पहल से बस्तर और मलकानगिरी में बदल रही ग्रामीण व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

आर्सेलर मित्तल निप्पन स्टील इंडिया (एएम/एनएस इंडिया) ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के तहत दंतेवाड़ा व मलकानगिरी क्षेत्र के दूरस्थ अंचलों में जनकल्याणकारी कार्यों का बड़ा विस्तार किया है। कंपनी ने ग्रामीण क्षेत्रों में

■ 5 गांवों के ग्रामीणों को मिली टेंट व बर्तन सामग्री

स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के साथ-साथ सामाजिक और सामुदायिक बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने के लिए महत्वपूर्ण स्तरों पर बड़े कदम उठाए हैं। इस अभियान के पहले चरण में कंपनी ने लेखमपारा-पालनार ग्राम पंचायत में एक

## स्वास्थ्य शिविर से 135 लोग हुए लाभान्वित



### नागरिकों की जीवन स्तर को सुधारने हमेशा तत्पर

इस व्यापक जनकल्याणकारी पहल पर प्रतिक्रिया देते हुए एएम/एनएस इंडिया प्रबंधन ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराई कि कंपनी अपने परिचालन और पाइपलाइन क्षेत्रों से जुड़े दूरस्थ गांवों में रहने वाले नागरिकों के जीवन स्तर को सुधारने और उनके सामाजिक विकास के लिए हमेशा तत्पर रहेगी।

दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया, जिसमें स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए कुल 135 ग्रामीणों की संख्या दर्ज की गई। इस शिविर के दौरान अनुभवी डॉक्टरों की टीम द्वारा 115 मरीजों की गहन चिकित्सकीय जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं, जबकि मौसमी व अन्य बीमारियों के सटीक निदान के लिए कुल 90 ग्रामीणों के ब्लड प्रेशर, शुगर और मलेरिया के जरूरी पैथोलॉजिकल टेस्ट किए गए। इस स्वास्थ्य शिविर को सुचारू रूप से संपन्न कराने में स्थानीय ग्राम पंचायत के सरपंच, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर और मितानिनों ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

इसी कड़ी में आगे बढ़ते हुए कम्पनी ने पाइप लाइन मार्ग से जुड़े सुकमा जिले की पुसपल्ली ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले दो गांवों, दरभा और मंगीपाल के नागरिकों की मांग को पूरा किया। कंपनी ने इन गांवों के विकास के लिए सामुदायिक रसोई के बर्तन और टेंट सामग्री उपलब्ध कराई है, जिससे दोनों गांवों के लगभग 950 ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा। यह साझा बुनियादी ढांचा स्थानीय निवासियों को अपने पारंपरिक सामाजिक समारोह, सांस्कृतिक गतिविधियों और सामूहिक बैठकों के आयोजन में आत्मनिर्भर बनाएगा और उन्हें महंगे किराए से मुक्ति दिलाएगा।

सुकमा सेक्शन की तर्ज पर ही कंपनी ने मलकानगिरी सेक्शन के ग्रामीण क्षेत्रों में भी इसी प्रकार की सहायता का विस्तार किया है। इस अभियान के तहत मलकानगिरी के तीन प्रमुख गांव, आरएससी-16, एमवी 13 और एमपीवी 1 को जोड़कर वहां के नागरिकों को भी बड़े स्तर पर सामुदायिक टेंट और रसोई के बर्तन प्रदान किए गए हैं, जिससे क्षेत्र के लगभग 1500 ग्रामीण सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे।

## रिमझिम बारिश में भी धनगोल स्कूल के बच्चों ने पेश की मिसाल

# आंगनबाड़ी केंद्र में संचालित हो रही शाला

हरिभूमि न्यूज : मददेड

एक ओर जहां रिमझिम बरसते मौसम के बीच अंदरूनी ग्रामीण क्षेत्रों के शिक्षक और बच्चे शिक्षा के प्रति अपनी अद्भुत लगन और समर्पण का परिचय दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सभी सुविधाओं से युक्त नेशनल हाईवे से लगे स्कूलों में विद्यार्थियों की कम उपस्थिति अब एक बड़ा चिंता का विषय बन गई है।

■ नेशनल हाईवे से लगे स्कूलों की स्थिति चिंताजनक

बीजापुर जिले के भोपालपटनम विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अंगमपल्ली के धनगोल संकुल केंद्र पेगड़ापल्ली के आंगनबाड़ी केंद्र के भवन में संचालित प्राथमिक शाला इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। वर्तमान में यह स्कूल धनगोल के स्थानीय आंगनबाड़ी केंद्र के भवन में संचालित हो रहा है। संसाधनों की भारी कमी के बावजूद यहां बच्चे नियमित रूप से पढ़ाई करने पहुंच रहे हैं।

धनगोल के आंगनबाड़ी केंद्र में संचालित शाला में दर्ज कुल 28 विद्यार्थियों में से 25 बच्चे उपस्थित पाए गए, जो पूरे उत्साह के साथ शिक्षिका बच्चों के पढ़ाई के मार्गदर्शन में जुटे थे। संसाधन

## कम सुविधाओं के बाद भी प्राथमिक शाला धनगोल में 90 प्रतिशत से ज्यादा उपस्थिति



### प्रशासन के लिए चिंतन का विषय

अंदरूनी क्षेत्रों की यह तस्वीर यह संदेश देती है कि अगर सीखने और सिखाने की इच्छा मजबूत हो, तो कोई भी परिस्थिति बाधा नहीं बन सकती। लेकिन इसके ठीक उलट, नेशनल हाईवे से लगे सुगम रास्तों वाले स्कूलों में बच्चों की कम उपस्थिति ने शिक्षा विभाग और स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि शासन और प्रशासन को क्षेत्र की भौगोलिक और जलवायु परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए शिक्षा व्यवस्था की नए सिरे से समीक्षा करनी चाहिए ताकि हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रभावी रूप से पहुंच सके और सुगम क्षेत्रों के स्कूलों में भी उपस्थिति सुधारी जा सके।

के अभाव के साथ ही शाला में मध्यान्ह भोजन का संचालन भी सुचारू रूप से होता मिला। ग्रामीण अंचल के इन स्कूलों में भले ही शहरी क्षेत्रों जैसी चमक-दमक या पक्की सुविधाएं न हों, लेकिन बच्चों और शिक्षकों की यह प्रतिबद्धता हर किसी के लिए प्रेरणादायक है।

### पालकों का मिल रहा है भरपूर सहयोग

इस संबंध में मीडिया से चर्चा करते हुए प्राथमिक शाला धनगोल की शिक्षिका सपना





अड़पा ने बताया कि शाला में वर्तमान में 28 छात्र-छात्राएं दर्ज हैं और नए दाखिले की प्रक्रिया भी लगातार जारी है।

गांव के ग्रामीण और बच्चों के माता-पिता लगातार अपनों बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। यही वजह है कि क्षेत्र में हो रही रिमझिम बारिश के बावजूद बच्चों की उपस्थिति शानदार बनी हुई है। हमारा प्रयास है कि इस उपस्थिति को शत-प्रतिशत तक ले जाया जाए।

# बकावंड बीईओ ने किया कई स्कूलों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विकासखंड बकावंड में शैक्षणिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने और शासन की योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन का जायजा लेने के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी चन्द्रशेखर यादव ने विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं का सघन निरीक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान उन्होंने संकुल केंद्र ईरिकपाल और संकुल केंद्र

■ अनुपस्थित शिक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी कर निलंबन का भेजा प्रस्ताव

टलनार के अंतर्गत आने वाले सभी प्राथमिक, माध्यमिक और हाई स्कूलों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान ईरिकपाल संकुल के अंतर्गत मिडिल स्कूल धोबीगुड़ा, हाई स्कूल इरिकपाल, प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला इरिकपाल, प्राथमिक शाला मालगांव, प्राथमिक व माध्यमिक शाला कुरुषपाल का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान सभी शालाओं में पाठ्य पुस्तक वितरण, निशुल्क गणवेश वितरण आदि की प्रगति का बारीकी से अवलोकन किया गया। शैक्षणिक स्तर तथा मध्यान्ह भोजन कई गुणवत्ता संतोषजनक पाया गया। डीएवी स्कूल उलनार और हाई स्कूल उलनार की व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी शिक्षकों को




समय पर शाला आगमन और प्रस्थान सुनिश्चित करने की सख्त हिदायत दी। साथ ही, प्रतिदिन शासन द्वारा निर्धारित विएसके एप में अनिवार्य रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश दिए।

### लापरवाही पर सख्त कार्रवाई

निरीक्षण के दौरान प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला टलनार में पदस्थ शिक्षक थुनराम बघेल 16 जून से लगातार आज पर्यंत तक शाला से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए। कर्तव्य के प्रति इस घोर लापरवाही को देखते हुए बीईओ ने अनुपस्थित शिक्षक थुनराम बघेल को शो-कॉज नोटिस जारी किया गया है। साथ ही उनके खिलाफ निलंबन का प्रस्ताव तैयार कर जिला कार्यालय को भेजा गया।

# कलेक्टर ने परखी शिक्षा की गुणवत्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

आज कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने ब्लॉक कटेकल्याण के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम मारजूम, चिकपाल एवं परचेली के शासकीय प्राथमिक शालाओं का निरीक्षण कर शैक्षणिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कक्षाओं में पहुंचकर

■ शैक्षणिक व्यवस्थाओं, लर्निंग आउटकम को सत्र की शुरूआत

बच्चों से आत्मीय संवाद किया और उनका नाम, कक्षा तथा पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली।

इस क्रम में सर्वप्रथम ग्राम मारजूम के स्कूलपारा प्राथमिक शाला में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कक्षा पांचवी के एक छात्र से पहाड़ा सुनाने के लिए कहा। छात्र ने बिना देखे 9 का पहाड़ा पूरी तरह सही ढंग से सुनाकर कलेक्टर को प्रभावित किया। बच्चों का आत्मविश्वास देखकर कलेक्टर ने उनकी सराहना की तथा शिक्षकों को निर्देशित किया कि वे विद्यार्थियों की झिझक दूर करने पर विशेष ध्यान दें, ताकि बच्चे बिना संकोच अपनी बात रख सकें और कक्षा गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लें। इस दौरान कलेक्टर ने विद्यालयों में दर्ज छात्र



संख्या, विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र की उपलब्धता, गणवेश वितरण, पाठ्यपुस्तकों के वितरण तथा लर्निंग आउटकम की भी विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों की नियमित उपस्थिति, सीखने की प्रगति और शिक्षण पद्धति के संबंध में चर्चा करते हुए गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस क्रम में कलेक्टर ने ग्राम चिकपाल और परचेली के प्राथमिक शालाओ में पहुंचकर बच्चों के नियमित रूप से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी चेकअप पर फोकस करते हुए जानना चाहा कि विद्यार्थियों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, प्रत्येक प्राथमिक शालाओं में सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों और शिक्षकों को निर्देश दिए कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं सर्वांगीण विकास पर भी समान रूप से ध्यान दिया जाए। कलेक्टर ने कहा कि जिले के दूरस्थ और अंतिम छोर तक स्थित विद्यालयों में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। प्रत्येक बच्चे को बेहतर शिक्षण वातावरण, आवश्यक संसाधन तथा आत्मविश्वास के साथ सीखने का अवसर मिलना चाहिए, जिससे उनका समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर ने पोटाकेबिन मेडोली का निरीक्षण कर विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बच्चों को परोसे जा रहे मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की जांच की तथा स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बच्चों को उबालकर गर्म पानी उपलब्ध कराने, छात्र संख्या के अनुरूप शौचालय एवं बाथरूम की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# जेडीए ने स्वास्थ्य मंत्री को 17 सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन (जेडीए) छत्तीसगढ़ द्वारा प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री के नाम 17 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में कार्यरत इंटर्न एवं पीजी रेजिडेंट डॉक्टरों की लंबे समय से लंबित मूलभूत मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग की गई।

■ शीघ्र स्टाइपेंड वृद्धि सहित मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेने की मांग

इस अवसर पर जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार यादव ने कहा कि एसोसिएशन की सभी मांगें पूरी तरह से न्यायोचित एवं मूलभूत हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में जूनियर डॉक्टरों को अन्य राज्यों की तुलना में काफी कम स्टाइपेंड प्राप्त हो रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने राज्य सरकार से शीघ्र स्टाइपेंड वृद्धि सहित सभी मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेने का आग्रह किया। इस अवसर पर जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन, जीएमसी जगदलपुर के अध्यक्ष डॉ. प्रांजल तिवारी, महासचिव डॉ. ऋतेश सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. निखार देवांगन, डॉ. मितेश सिंह, डॉ. मेधा सिंह, डॉ. रितिका सिंह, डॉ. नीलकमल सहित बड़ी संख्या में जूनियर डॉक्टर एवं मेडिकल छात्र उपस्थित रहे।

### मांग नहीं होने पर आंदोलन के लिए होंगे विवश

एसोसिएशन के मुख्य सलाहकार डॉ. ए. प्रशांत ने सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करते हुए कहा कि यह मांगें कई वर्षों से लंबित हैं और जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन लगातार लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से इनके समाधान के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार द्वारा शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो प्रदेश के जूनियर डॉक्टर आंदोलन एवं हड़ताल जैसे लोकतांत्रिक कदम उठाने के लिए विवश होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# स्वच्छता दीदियों को पीपीई किट वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

नगर पंचायत गीदम द्वारा स्वच्छता एवं सफाई कार्य में संलग्न स्वच्छता दीदियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पीपीई किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम नगर पंचायत कार्यालय परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें नगर पंचायत के समस्त जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने स्वच्छता दीदियों के कार्यों की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में स्वच्छता दीदियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। चाहे गर्मी हो, बरसात हो या सर्दी, ये महिलाएं पूरी निष्ठा के साथ सफाई कार्य करती हैं और नगरवासियों को स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराती हैं। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि स्वच्छता दीदियों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य नगर पंचायत की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

सफाई कार्य के दौरान उन्हें कचरा, धूल, कीटाणु और दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ता है। इसलिए उन्हें आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराना हमारा कर्तव्य है। वितरित किए गए पीपीई किट में दस्ताने, मास्क, सुरक्षा जूते,



### भविष्य में भी मिलेंगी सुविधाएं

नगर पंचायत गीदम ने संकल्प दोहराया कि भविष्य में भी स्वच्छता कर्मियों के कल्याण के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसमें स्वास्थ्य जांच शिविर, बीमा योजना और समय-समय पर नए सुरक्षा उपकरणों का वितरण शामिल है। कार्यक्रम में नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, पार्षदगण एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। स्वच्छता दीदियों ने नगर पंचायत द्वारा की गई इस पहल के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि इससे उन्हें कार्य करने में अधिक सुरक्षा और आत्मविश्वास मिलेगा।

एप्रन, टोपी और सैनिटाइजर जैसी आवश्यक सामग्री शामिल थी। इन उपकरणों के उपयोग से स्वच्छता दीदियां सुरक्षित तरीके से अपना कार्य कर सकेंगी और बीमारियों के संक्रमण से भी बचाव होगा।

### सुरक्षित रहकर करें कार्य जनप्रतिनिधियों का संदेश

जनप्रतिनिधियों ने स्वच्छता दीदियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें सुरक्षित तरीके से कार्य करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि किट का सही उपयोग करें और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल नगर पंचायत को सूचित करें।

उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन की सफलता इन्हीं दीदियों के परिश्रम से संभव हुई है। हमारा प्रयास रहेगा कि उन्हें समय-समय पर प्रशिक्षण के साथ-साथ सभी आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएं।

# बदल रहा बस्तर, अब भय नहीं विकास की हो रही बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बीजापुर निवासी जी. वेंकट ने कहा कि बस्तर अब माओवादी हिंसा और भय की पहचान से निकलकर विकास, विश्वास और सुशासन की नई राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बस्तर के दूरस्थ और आदिवासी अंचलों में अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिल रहा है। जो क्षेत्र कभी विकास से कोसों दूर थे, वहां अब सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाएं तेजी से पहुंच रही हैं।



प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष जी. वेंकट ने चर्चा में कहा कि बस्तर के बदलते स्वरूप और आदिवासी क्षेत्रों में हो रहे विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक माओवादी हिंसा के कारण बस्तर का विकास बाधित रहा। गांवों तक प्रशासन की पहुंच सीमित थी और आम लोग भय के साए में जीवन बिताने को मजबूर थे। आज स्थिति पूरी तरह बदल रही है। सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे ग्रामीणों तक पहुंच रहा है और लोगों का शासन-प्रशासन पर विश्वास लगातार बढ़ रहा है। जी. वेंकट ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार का उद्देश्य केवल सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करना नहीं, बल्कि प्रत्येक परिवार तक विकास की रोशनी पहुंचाना है। राशन, पेयजल, बिजली, आवास, वनाधिकार, सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा और रोजगार जैसी योजनाओं का लाभ अब तेजी से आदिवासी परिवारों तक पहुंच रहा है। इससे उनके जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आया है।

उन्होंने कहा कि सरकार आदिवासी समाज को केवल योजनाओं का लाभार्थी नहीं, बल्कि विकास का सहभागी मानकर कार्य कर रही है। यही कारण है कि आज बस्तर के युवाओं को शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के नए अवसर मिल रहे हैं। महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों को भी आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

### विचारधारा और संगठन के प्रति निष्ठा

चर्चा में जी. वेंकट ने अपने राजनीतिक जीवन का उल्लेख करते हुए कहा कि वे लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा से जुड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार के दौरान कई भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं पर राजनीतिक दबाव बनाए गए और उन्हें पार्टी छोड़ने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रलोभन दिए गए। उन्हें भी कांग्रेस में शामिल होने के प्रस्ताव मिले, लेकिन उन्होंने अपनी विचारधारा और संगठन के प्रति निष्ठा बनाए रखी। उन्होंने कहा कि बस्तर अब नई पहचान गढ़ रहा है। जिस क्षेत्र की चर्चा कभी नक्सलवाद और भय के कारण होती थी, वहां अब विकास कार्य, जनकल्याणकारी योजनाएं और आदिवासी समाज की भागीदारी नई उम्मीद जगाने का काम कर रही है। आने वाले वर्षों में बस्तर देश के विकसित और आत्मनिर्भर क्षेत्रों में अपनी अलग पहचान स्थापित करेगा।

### मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना प्राथमिकता

सुदूर अंचलों में मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना हमारी सरकार की प्रथम प्राथमिकता है इसके साथ ही हर व्यक्ति का राशन कार्ड हो स्मार्ट कार्ड हो एवं बैंक खाता हो जिससे उनको सरकार के द्वारा पहुंच जाने वाली राशि सीधा-सीधा उनके खाते में पहुंचे इसके साथ ही हमारी सरकार की प्रथम प्राथमिकता है ऐसे पिछले क्षेत्र में प्राप्त वन उपज के आधार पर कुटीर उद्योगों लगाकर क्षेत्रवासियों का आर्थिक विकास का सकारात्मक पहल की जा रही है।

## शिक्षा, विकास और संस्कार को मिला नया संबल

# विधायक ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

बस्तर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत धोबीगुड़ा, ईरिकपाल, मालगांव एवं करीतगांव में बस्तर विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपनेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल ने विधायक निधि से स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया। इस दौरान ग्रामीणों एवं विद्यालय परिवार ने उनका आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया।

ग्राम पंचायत धोबीगुड़ा में प्राथमिक शाला के लिए 6 लाख 39 हजार रुपये की लागत से बनने वाली बाउंड्रीवॉल, ईरिकपाल में 3 लाख 20 हजार रुपये की लागत से 100 मीटर सीसी सड़क तथा मालगांव में 4 लाख रुपये की लागत से 100 मीटर सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। बस्तर विधायक ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय करीतगांव पहुंचे, जहां छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक तरीके से उनका स्वागत किया। मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ तथा विधायक निधि से 5 लाख रुपये की लागत से बनने वाली विद्यालय की बाउंड्रीवॉल का भूमिपूजन किया गया। विद्यालय की प्राचार्य



मोमिता पाणिग्राही ने संस्था का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि विद्यालय लगातार कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम दे रहा है। इस अवसर पर विधायक ने सत्र 2024-25 में कक्षा पांचवीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया।

**खबर संक्षेप**

## डबरी से बदली बस्तर के खोटलापल की सूरत

**जगदलपुर।** कभी सिर्फ मानसूनी बारिश के भरोसे रहने वाले बस्तर जिले की खोटलापल ग्राम पंचायत के किसान आज आत्मनिर्भरता की नई इबारत लिख रहे हैं। जल संवर्धन के जमीनी प्रयासों के तहत गाँव में निर्मित एक डबरी (छोटे तालाब) ने न केवल क्षेत्र के भूजल स्तर को सुधारा है, बल्कि परंपरागत खेती से आगे बढ़कर रबी फसल और मत्स्य पालन के जरिए स्थानीय किसानों को आर्थिक रूप से समृद्ध और सशक्त बना दिया है। महात्मा गांधी नरेगा और जल संवर्धन योजनाओं के तहत हितग्राही सोनधर और मोंगर के खेतों में निर्मित इस डबरी ने सिंचाई के संकट को दूर करने के साथ-साथ ग्रामीणों के जीवन में एक क्रांतिकारी और सकारात्मक बदलाव की नींव रखी है।
इस जल संरचना के निर्माण से खुश होकर ग्रामीण सोनधर कहते हैं कि यह डबरी जल संकट के स्थायी समाधान के रूप में सहायक होगा, क्योंकि अब इसमें बारिश का पानी एकत्रित होने से सिंचाई के लिए पानी की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित होगी और फसलों को सूखा पड़ने के खतरे से पूरी तरह बचाया जा सकेगा। वहीं अब डबरी में पर्याप्त पानी जमा होने से वे रबी सीजन में दूसरी फसलों के साथ-साथ उन्नत साग-भाजी का उत्पादन भी कर पाएंगें जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। खेती में आए इस सुधार के साथ-साथ इस डबरी का बहुआयामी उपयोग अब मछलीपालन के लिए भी ग्रामीण परिवारों द्वारा किया जाएगा और इसी सफलता से उत्साहित होकर हितग्राही सोनधर ने आगामी समय में बतख पालन करने की मंशा भी जाहिर की।

# ई-चालान का फर्जी मैसेज उड़ा सकता है आपकी जीवनभर की कमाई

**परिवहन विभाग ने ई-चालान का मैसेज को लेकर किया अलर्ट जारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

अगर आपके मोबाइल पर भी ई-चालान भरने का मैसेज आया है, तो जल्दबाजी बिल्कुल न करें, बस्तर में साइबर ठग अब फर्जी ई-चालान के नाम पर लोगों को निशाना बना रहे हैं। परिवहन विभाग ने इसे लेकर अलर्ट जारी करते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। ट्रैफिक नियमों का पालन जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी अब ई-चालान के नाम पर हो रही साइबर ठगी से बचना भी हो गया है। बस्तर जिले में फर्जी ई-चालान लिंक भेजकर लोगों से बैंकिंग जानकारी और पैसे ठगने की घटनाएं सामने आने के बाद परिवहन विभाग ने एडवाइजरी जारी की है। साइबर अपराधी आम नागरिकों के मोबाइल पर एसएमएस, व्हाट्सएप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए ई-चालान भुगतान का मैसेज भेज रहे हैं। ये मैसेज एक नजर में बिल्कुल असली सरकारी नोटिस जैसे दिखाई देता है, जिससे लोग आसानी से झांसे में आ जाते हैं। लेकिन मैसेज में दिए गए लिंक पर क्लिक करते ही यूजर एक ऐसी नकली वेबसाइट पर पहुंच जाता है, जो सरकारी पोर्टल की हूबहू कॉपी होती है। यहां वाहन नंबर, मोबाइल नंबर, बैंकिंग डिटेल, एटीएम कार्ड और ओटीपी जैसी गोपनीय जानकारी हासिल करने की कोशिश की जाती है।



### अज्ञात नंबर से आए लिंक पर क्लिक न करें

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि किसी भी ई-चालान का भुगतान करने से पहले उसकी पुष्टि आधिकारिक पोर्टल पर अवश्य करें। किसी अज्ञात नंबर से आए लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी या बैंकिंग जानकारी किसी के साथ साझा न करें और किसी भी संदिग्ध संदेश की सूचना तुरंत साइबर हेल्पलाइन या पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी सतर्कता न केवल आपकी मेहनत की कमाई बचा सकती है, बल्कि साइबर ठगों की पूरी साजिश को भी नाकाम कर सकती है।

### धमकी देकर बनाया जाता मानसिक दबाव

कई मामलों में ठग तत्काल भुगतान नहीं करने पर कानूनी कार्रवाई, भारी जुमार्ना या वाहन जब्त करने जैसी धमकियां देकर लोगों पर मानसिक दबाव भी बनाते हैं। इतना ही नहीं कुछ फर्जी संदेशों में एपीके फाइल या मोबाइल ऐप डाउनलोड करने के लिए कहा जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार ऐसे ऐप मोबाइल में मालवेयर इंस्टॉल कर देते हैं, जिससे बैंक खाते, यूपीआई और मोबाइल की निजी जानकारी तक साइबर अपराधियों की पहुंच बन सकती है।

**आबकारी की टीम की रेड में मिला गोवा का रॉयल ब्लू व्हिस्की का 81 बाटल**

# घर में डंप 14.58 बल्क लीटर शराब जब्त, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज, आरोपी को भेजा गया जेल

आबकारी विभाग की टीम ने भानपुरी थाना क्षेत्र स्थित एक घर में रेड कार्रवाई करते हुए घर में डंप किया गया हजारों रूपए कीमत की रॉयल ब्लू व्हिस्की बरामद किया है जो गोवा प्रांत में निर्मित व विक्रय किया जाता है। अवैध शराब के डंप के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। जिला आबकारी अधिकारी अमन सिंह के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित किया गया था। आबकारी उप निरीक्षक मुकेश कुमार कोरी व



मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में टीम द्वारा भानपुरी थाना क्षेत्र के ग्रांम पदरपारा फरसागुड़ा में रेड कार्रवाई की गई। छापामारी के दौरान टीम द्वारा खेमराज देवागंन के मकान मे तलाशी अभियान चलाया गया। तलाशी के दौरान आरोपी के घर के सामने बैठक कमरे मे सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में रखा 180 एमएल क्षमता वाले 81 नग पाव के प्लास्टिक शीशीयो में भरा रॉयल ब्लू व्हिस्की गोवा बरामद किया गया। टीम द्वारा गोवा प्रांत में निर्मित एवं विक्रय किया जाने वाला कुल 14.58 बल्क लीटर शराब बरामद किया गया। मामले में आरोपी खेमराज देवागंन को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ छग आबकारी एक्ट की धारा 34 (1) (क), 34(2), 36, 59 (क) के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश कुमार कोरी, मनोज कुमार यादव, प्रशिक्षु उप निरीक्षक त्रिवेणी गणिया, गणेश्वर कश्यप, आशीष झुरी, प्रधान आरक्षक ललित ठाकुर शैलेष पाडेण्य, पृथ्वीराज श्रीवास्तव, श्याम सुंदर केशरी, आरक्षक कविश यादव तथा महिला नगर सैनिक मीना साहू व मधुरिमा साहनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### जारी रहेगी कार्रवाई

जिला आबकारी अधिकारी अमन सिंह ने बताया कि जिले में अवैध शराब की बिक्री रोकने लगातार प्रयास किया जा रहा है। आबकारी की अलग अलग टीम द्वारा संभावित क्षेत्रों में लगातार कार्रवाई की जा रही है। वहीं अवैध शराब के धधें में संलिप्त लोगों पर नजर रखी जा रही है तथा कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# नगरनार मंडल की बैठक में संगठन को मजबूत करने पर हुई रायशुमारी

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी नगरनार मंडल की मासिक बैठक में डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के बारे में जानकारी दी गई। संचालन मंडल महामंत्री मनोज पटेल ने किया। मंडल अध्यक्ष महेंद्र सेठिया ने स्वागत भाषण से शुरूआत किया। कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे एवं जिला महामंत्री रजनीश पाणिग्राही ने संगठनात्मक मजबूती पर चर्चा की।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता ग्राम पंचायत माड़पाल के सरपंच स्व.महादेव बाकड़े के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजली अर्पित किया गया। बताया गया कि युवा सरपंच को मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में तबियत बिगड़ने पर भर्ती किया गया था। जहां से रेफर करने पर विशाखापट्नम ले जाया गया जहां उनका निधन हो गया।

इस मौके पर मंडल महामंत्री राजेश शर्मा, जिला महामंत्री परीसराम बेसरा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अभिलाष यादव, अनुसूचित जनजाति जिला महामंत्री राधेश्याम पन्द्रे, जिला उपाध्यक्ष आनंद झा, सिमाचंल दास, महिला मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मी घरत, संगीता महाराणा, फूल सिंह नायर, सरिता साहू, रघुराम सेठिया, महादेव बघेल, घनश्याम सेठिया सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।










**कोटा स्टडी सर्किल ब्रांच भिलाई तथा रायपुर में ड्रापर नीट, जेईई एवं पी.ई.टी. के अंतिम बैचेस में प्रवेश प्रारंभ**

**IIT-JEE Mains/ Advance Star Performers** — **NEET Star Performers**



Buha Deep 99.93% · Mayank Gupta 99.93% · Amit Singh 99.91% · S. Rajkumar 96.00%

Chitendra Sahu 611/720 GMC · Subhasni Sahu 548/720 GMC DURG · Deepika Chandra 647/720 GMC RAIPUR · Vivek Kumar Verma 568/720 GMC RAJNANDGAON · Remmy Roy 609/720 GMC DURG

कोटा स्टडी सर्किल भारत सरकार के द्वारा रजिस्टर्ड एवं आइसो सर्टिफाइड तथा राजस्थान से संबंधित एक उत्कृष्ट कोचिंग संस्थान है। जहां विगत 17 वर्षों से नीट तथा जी ई ई के परीक्षाओं की तैयारी कोटा ट्रेंड एवं एवं बहुत ही अनुभवी टीम द्वारा फिजिक्स केमिस्ट्री बायोलॉजी एवं मैथ्स विषय की तैयारी गहनता से कराई जाती है। परिणाम स्वरूप यहां के छात्र अपनी अलग पहचान बनाते हैं। चाहे वह बोर्ड परीक्षाएं हो अथवा नीट एवं जीईई, कोटा स्टडी सर्किल ने विगत 17 वर्षों में राष्ट्र को होनहार डॉक्टर एवं इंजीनियर दिए हैं जो देश-विदेश में अपनी सेवाएं देकर अपने गुरुजन माता-पिता तथा संस्थान का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं। कोटा स्टडी सर्किल की विशेषता है कि यहां हिंदी तथा अंग्रेजी दोनों ही माध्यम के छात्रों के लिए समान सुविधा उपलब्ध होती हैं। यहां का स्टडी मेटरियल तथा ऑल इंडिया टेस्ट सीरीज इतना अच्छा होता है कि 100% परसेंट क्वेश्चंस आने की संभावना होती है। क्योंकि इस तरह डिजाइन किया जाता है कि अगर क्वेश्चन पेपर बनाने वाला एग्जामिनर किसी भी तरह एंगल से क्वेश्चन पूछे तो वह बन जाए, यहां समय-समय पर आत्मआकलन करने के लिए नीट तथा जीईई बेस्ड मॉक टेस्ट कराए जाते हैं। जिसका छात्रों को फायदा होता है तथा ऐसे छात्र एवं छात्राएं जो कि घर अथवा हॉस्टल में पढ़ाई का माहौल न होने के कारण डिस्टर्ब रहते हैं उनके लिए कोटा स्टडीज सर्कल में एक बेहतरीन लाइब्रेरी उनके पढ़ने के लिए व्यवस्थित की गई है। तथा डीपी पी की प्रैक्टिस कक्षा में ही कर दी जाती है।

जिससे कि वह आने वाले क्वेश्चंस के लिए पहले से तैयार रहते हैं। एवं समय रहते खुद को प्रिपेयर कर पाते हैं। कोटा स्टडी सर्किल की विशेषता है कि यहां क्लास में क्लास के साथ-साथ ही डीपीपी के थ्रू छात्रों को आने वाली परीक्षाओं की पहले से तैयारी कराई जाती है। कोटा स्टडी सर्किल में बाहर से आने वाले छात्र-छात्राओं के लिए गर्ल्स तथा बॉयज के लिए पृथक-पृथक हॉस्टल तथा रहने के साथ-साथ मैस की सुविधा का भी ध्यान रखा जाता है। यहां फीस भी बहुत ही उचित ली जाती है जिससे कि पेरेंट्स के ऊपर कोई अतिरिक्त वर्णन ना आए।

यहां पर आपको माहौल देखने को मिलेगा की आपका बच्चा भिलाई अथवा रायपुर पढ़कर ही राजस्थान कोटा अथवा दिल्ली में स्थित सारी सुविधाओं को छत्तीसगढ़ के भिलाई तथा रायपुर में रहकर प्राप्त कर रहा है।

कोटा स्टडी सर्किल में ड्रॉपर बैजेस 12 तथा 15 जुलाई से प्रारंभ होने जा रहे हैं। जहां प्रत्येक बैच में लिमिटेड सीट रखी गई है।

पलक रायपुर में आरसी कॉलेज के सामने बैंक ऑफ़ बड़ौदा के बाजू में कोटा स्टडी सर्किल तथा भिलाई में न्यू सिविक सेंटर कोटा स्टडी सर्किल में आकर संपर्क कर सकते हैं।

TM Registration No. 3091296
ISO CERTIFIED 9001 : 2008 CERTIFIED INSTITUTE
KOTA STUDY CIRCLE®
Where we shape the career



नीट तथा JEE के पृथक-पृथक बैच, हिन्दी तथा अंग्रेजी के पृथक-पृथक बैच
कोटा स्टडी मटेरियल ऑल इण्डिया टेस्ट सीरिज गर्ल्स तथा ब्वायस के पृथक-पृथक बैच

X & XII Result



Bhupendra Sahu 94.6%, 10th · Preney Sahu 94%, 10th · Harkita Sinha 94%, 10th · Avinash Naanaday 90.8%, 10th · Ritika Soni 90.4%, 12th · Priyansh Aanand 94.4%, 12th

कोटा रायपुर ब्रांच : R.K.C. कालेज के सामने, जी.ई.रोड रायपुर
कोटा भिलाई ब्रांच : बि. नं. 150 न्यू सिविक सेंटर, भिलाई
Contact : 90985 34927, 79877 91795



**अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10वीं, 12वीं एवं स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर**

संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत एफएसडीएमआई भिलाई मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत् कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी आफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (डीआरडीओ), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है।

संस्था एफएसडीएमआई भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकलो प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएना प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (एससी, एसटी, ओबीसी, जनरल) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी।






**रोजगार हेतु व्यवसायिक प्रशिक्षण कम शुल्क में संपूर्ण तकनीकी शिक्षा**



एस. एम. उमक

बेरोजगारों के उज्जवल भविष्य के लिए अल्प समय में रोजगारोन्मुखी व्यवसायिक प्रशिक्षण हेतु पावर हाउस भिलाई में स्थित 39 वर्ष पुरानी इंदु टेक्नीकल इंस्टीट्यूट एक अति विश्वसनीय संस्था है। जो आईएसओ 9001-2015 से प्रमाणित है। जहां प्रेक्टिकल आधारित कोर्स कराये जाते हैं। अतः प्रशिक्षण के बाद प्रेक्टिस करने की आवश्यकता नहीं होती है जिनका लाभ लेते हुए प्रतिवर्ष सैकड़ों बेरोजगार अपने पैरों पर खड़े होकर समाज और परिवार में सम्मान हासिल कर रहे हैं। संस्था छात्र-छात्राओं को स्वरोजगार हेतु प्रेरित करती है साथ ही इनकी नौकरी हेतु भी प्रयास करती है। संस्था में समय-समय पर तकनीकी कंपनियां तथा प्लेसमेंट एजेंसी जॉब हेतु संपर्क स्थापित करती है। इस तरह छात्रों को नौकरी भी प्राप्त हो जाती है संस्था में मोबाईल हार्डवेयर/ सॉफ्टवेयर, कम्प्यूटर हार्डवेयर, इलेक्ट्रानिक्स, इलेक्ट्रीकल, फ्रिज-एसी, इन सभी विषयों का प्रेक्टिकल आधारित प्रशिक्षण दिया जाता है। इंदु टेक्निकल इंस्टीट्यूट एकमात्र संस्था है जो तकनीकी प्रशिक्षण में कम्प्यूटर के आधुनिक एनीमेशन का उपयोग करती है इससे कोर्स सरलता से छात्र-छात्राओं की समझ में आ जाते हैं चूंकि सभी कोर्स प्रेक्टिकल आधारित है तथा प्रत्येक छात्र-छात्राओं को व्यक्तिगत प्रेक्टिकल दिया जाता है अतः शैक्षणिक योग्यता का कोई मापदंड नहीं है किसी भी स्तर के छात्र-छात्राएं इन कोर्सेस को सरलता से पूर्ण कर सकते है। यदि छात्र-छात्राएं निश्चित अवधि में कोर्स पूर्ण नहीं कर पाते है और उन्हें अतिरिक्त समय भी लगता है तो अतिरिक्त समय हेतु कोई शुल्क नहीं लिया जाता अर्थात छात्र जब तक संतुष्ट नहीं हो जाता तब तक बिना अतिरिक्त शुल्क लिए कोर्स कराया जाता है। इसके अतिरिक्त भविष्य में छात्र-छात्राओं को कोर्स से संबंधित समस्या आने पर वह निःशुल्क परामर्श ले सकते है। संस्था द्वारा कोर्स के पश्चात भी तकनीकी सहयोग प्रदान किया जाता है सभी कोर्स सरल हिन्दी में कराए जाते हैं प्रशिक्षण अवधि में छात्रों को प्रेक्टिकल हेतु संपूर्ण सामग्री टूल्स एवं मटेरियल संस्था द्वारा दिया जाता है जिससे पालक पर ट्यूशन फीस के अतिरिक्त कोई बोझ नहीं होता। फीस के बारे में कहा जा सकता है कि जेब खर्च के बराबर फीस अर्थात् अत्यंत कम शुल्क में ये कोर्स कराये जाते हैं। संस्था में प्रेक्टिकल से भरपूर प्रशिक्षण का लाभ लेने के लिए यहां संपूर्ण छत्तीसगढ़ के अतिरिक्त बिहार, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्रप्रदेश, हिमांचल प्रदेश, उड़ीसा आदि के साथ-साथ नेपाल से भी छात्र आते हैं। बाहरी छात्रों हेतु संस्था का छात्रावास है संस्था पावर हाउस बस स्टैंड एवं पावर हाउस रेलवे स्टेशन से अत्यधिक नजदीक होने से रायपुर, तिल्दा नेवरा, भाटापारा, दुर्ग, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, गोंदिया, दल्ली राजहरा रेल लाईन तक के प्रशिक्षणार्थी अप-डाउन कर कोर्स करते हैं। संस्था अपने सभी तकनीकी कोर्स पार्ट-टाईम अथवा फुलटाईम में संचालित करती है। जिससे नौकरी करने वाले शिफ्ट के अनुसार समय परिवर्तित कर प्रशिक्षण ले सकते हैं। प्रतिदिन 1.30 घंटे का समय देकर भी कोर्स किए जा सकते हैं। इस सेंट्रली एयर कुल्ड संस्था में प्रत्येक लैब में लगे कैमरों से संचालक द्वारा आडियो-विडियो मॉनिटरिंग की जाती है। इस तरह संस्था सभी दृष्टि से छात्र-छात्राओं के भविष्य निर्माण हेतु दृढ़ संकल्पित एवं प्रयासरत है। जिसका लाभ उठाते हुए छात्र-छात्राएं कम फीस में भरपूर प्रेक्टिकल का लाभ लेते हुए आत्मनिर्भर हो सकते है एवं सबसे बड़ी बेरोजगारी की समस्या से निजात पा सकते है। नोटः महिलाओं हेतु विशेष व्यवस्था। संस्था में आने हेतु भिलाई पावर हाऊस के बस स्टैंड या पावर हाऊस स्टेशन पर उतरना होगा। संस्था की संपूर्ण जानकारी हेतु फोन करें।

(NGO सामाजिक संस्थाएं यदि युवक-युवतियों को आत्मनिर्भर बनाना चाहते है तो संस्था उन्हें विशेष छूट और सहयोग प्रदान करती है।)

हमारी संस्था की कोई अन्य शाखा नहीं है।
www.indutechnical.com
मो.: 98271 94279 8770222654 74156 74157 पर संपर्क किया जा सकता है।

**समय का सदुपयोग-आय का साधन-प्रशिक्षण जो रोजगार दिलाए**

**मोबाईल सर्विसिंग कोर्स**
कोर्स में हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर में इलेक्ट्रानिक्स कम्पोनेट, कम्प्युटर ऑपरेटिंग, एंटी वायरस, सॉफ्टवेयर इंस्टॉलेशन, टच स्क्रिन व एन्ड्राइड मोबाईल, अनलॉकिंग, फ्लेशिंग, कार्ड राइटिंग, ब्लु-टूथ मोबाईल ओपनिंग-फिटिंग, सोल्डरिंग-डिसोल्डरिंग, बॉल आई.सी., प्लाटिंग एवं फॉल्ट फाईडिंग करवाई जायेगी।

**कम्प्यूटर हार्डवेयर**
महानगरी स्तर की शिक्षा कम शुल्क में
कोर्स में लेपटॉप, डेस्क टॉप प्रिंटर, मॉनीटर, स्केनर, SMPS पावर सप्लाई रिपेयरिंग, बेसिक इलेक्ट्रानिक्स, कम्प्यूटर असेम्बिलिंग एवं ट्रबलशूटिंग भी। भरपूर प्रेक्टिकल कम्प्यूटर से एनीमेशन द्वारा विशेष जानकारी।

**इलेक्ट्रिकल कोर्स**
वायरिंग, मोटर रिवाइंडिंग (1/2 से 27 एच.पी. तक) एवं घरेलु उपकरण वाशिंग मशीन मिक्सी, गिजर, कूलर, पंखे, लाईट, डेकोरेशन, जेट पंप, मोनो ब्लॉक पंपसेट, सबमर्सिबल पंप, टुल्लु पंप, मोटर स्टॉटर, पेनल बोर्ड, वेल्डिंग ट्रांसफारर्मर आदि का गारंटेड प्रशिक्षण।

**इलेक्ट्रानिक्स कोर्स**
एफ.एम. रेडियो, इंडक्शन चुल्हा, एलईडी, एलसीडी एवं सीआरटी टीवी पर प्रेक्टिकल आडियो, विडियो एमपी-3 सीडीप्लेयर, डीवीडी, होम थियेटर, डी.टी.एच., सिस्टम, इन्वर्टर का गारंटेड प्रशिक्षण।

**फ्रीज व एसी कोर्स**
फ्रिज (फ्रास्ट फ्री एवं नान फ्रास्ट), विंडो एसी, स्प्लीट एसी, ऑटो मोबाइल (कार) एसी, पैकेज (डक्टिंग) एसी, डीप फ्रीजर, चिल्ड वाटर सिस्टम, बॉटल कूलर, मिठाई के शोकेस का पूर्ण प्रेक्टिकल, गैस चार्जिंग सामान्य एवं आधुनिक गैस चार्जिंग स्टेशन दोनों पद्धतियों से।

छात्रावास सुविधा | स्थापना वर्ष 1987 | रविवार अवकाश

**इन्दु टेक्नीकल इंस्टीट्यूट**
टी-मार्केट, पावर हाउस, भिलाई मो.: 98271-94279, 74156-74157